तारीख

फर्द अहकाम

रामफूल बनाम सरकार

ालय

ा 145/2024

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
7/6/2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू-राजस्व अधिनियम का पेश किया प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना गया प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 स्वीकार किया जाता है विरुद्ध विधि प्रमाण से स्थापित जानकर शामिल पत्रावली किया गया पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजि. हो बाद तामील दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 14:57:31 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जयपुर–द्वितीय(सांगानेर)जयपुर

पीठासीन अधिकारी का नाम : हिम्मत सिंह, आर.ए.एस.
प्रार्थना पत्र संख्या : 145/2024
निर्णय दिनांक : 07.06.2024

रामफूल पुत्र रामकिशन जाति जाट, निवासी ग्राम रामसिंहपुरा, तह0 सांगानेर जयपुर, राजस्थान ।

– प्रार्थी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर। (लैन्ड होल्डर)

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व

निर्णय

प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र का विवरण इस प्रकार है कि ग्राम रामसिंहपुरा, पटवार हल्का रामसिंहपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान राज्य में खसरा नंबर 1859 रकबा 0.8700 हैक्टयर स्थित हैं तथा भूमाप सन् 1983–84 के अनुसार उक्त खसरा नंबर 1859 का रकबा जमाबन्दी के अनुसार 0.8700 हैक्टयर हैं तथा सन् 1984–85 के राजस्व मानचित्र में सहवन से उक्त खसरे के रकबे को कम कर दिया है और खसरा नंबर 1862 में सम्मिलित कर दिया गया हैं, जिसको विधिक दृष्टि से दुरूस्त किया जाना आवश्यक हैं तथा उक्त त्रुटि को दुरूस्त कराने हेतु पूर्व में कई बार प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं, किन्तु आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

अतःश्रीमान से निवेदन हैं कि संलग्न दस्तावेज की जाँच कर उक्त खसरा नंबर 1859 के राजस्व मानचित्र में रकबे को दुरूस्त करने की कृपा करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज किया जाकर प्रार्थी को [illegible] पर सुना गया। दौराने बहस प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया कि ग्राम

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 14:57:31 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)

रामसिंहपुरा मे स्थित खसरा नंबर 1859 रकबा 0.8700 हैक्टयर संलग्न दस्तावेज की जाँच कर उक्त खसरा नंबर 1859 के राजस्व मानचित्र में रकबे को दुरूस्त करने की कृपा करें।

बहस प्रार्थी एवं संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन करने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956 को स्वीकार किया जाता है तहसीलदार सांगानेर को आदेशित किया जाता है कि राजस्व ग्राम रामसिंहपुरा, पटवार हल्का रामसिंहपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान राज्य में खसरा नंबर 1859 के राजस्व मानचित्र में रकबे को दुरूस्त किया जावे। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार सांगानेर को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 07.06.2024 को सरे इजलास सुनाया गया।

(हिम्मत सिंह)
उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट
जयपुर दक्षिण (सांगानेर)
.जयपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2024.09.06 14:57:31 IST
Reason: SelfAttested